वर्ष 28 अंक 160
पृष्ठ 18
बरेली, सोमवार
20 फरवरी 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

एसआरएमएस में फैशन का जलवा

जागरण संवाददाता, बरेली : श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में जेस्ट-आमोद कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपने हुनर का जलवा बिखेरा। फैशन शो, नुक्कड़ नाटक और खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर पुरस्कार झटके।

कार्यक्रम के दूसरे दिन खो-खो, मल्टी सीन, चास्कोलेट, परिस्थिति गीत आदि प्रस्तुत किए गए। आमोद कार्यक्रम में फुटबाल, शतरंज, कैरम, बास्केटबाल आदि खेल हुए। दो दिवसीय कार्यक्रम में करीब दो हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया। समापन की अध्यक्षता संस्था चेयरमैन देवमूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति ने की। उन्होंने विजेता और उप विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। पढ़ाई के साथ खेल और नैतिक मूल्यों के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में टावरो क्लब की अध्यक्षा शिवानी मलिक, वर्व क्लब की अध्यक्षता शुभि आदि का सहयोग रहा। ट्रस्टी आशा मूर्ति, रिचा मूर्ति, प्रशासक सुभाष मेहरा, डीन डॉ. प्रभाकर गुप्ता, प्राचार्य डॉ. अनंत श्रीवास्तव, फार्मेसी निदेशक डॉ. ललित सिंह, डीन डीएसडब्ल्यू संतोष खरे आदि शामिल रहे।

जेस्ट-आमोद 2017

- छात्र-छात्राओं ने दिखाया हुनर, शानदार प्रदर्शन कर झटके पुरस्कार
- सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ नुक्कड़ नाटक और खेल प्रतियोगिताएं हुईं

ये बने विजेता

खो-खो में एसआरएमएस टीम प्रथम, बैडमिंटन बालक-बालिका दोनों वर्गों में मुरादाबाद एमआइटी प्रथम, सौ मीटर दौड़ में एसआरएमएस की अनुपमा, अंशिता अग्रवाल प्रथम रहीं। दो सौ मीटर दौड़ में एसआरएमएस के रेहान, अभिनय मिश्रा, आलोक कनौजिया विजेता रहे। बालिका वर्ग में अंजलि, किंशकु और पारूल विजेता बनीं। ऊंची कूद में मनीष पांडेय विजेता रहीं। लंबी कूद में एसआरएमएस के रेहान, संदीप यादव, रक्षा सिंह विजेता बने। बालिका वर्ग में मनीष, किंशकु विजेता रहीं। मोनो एक्ट में विनीत कुमार सोनी, राघवेंद्र प्रताप सिंह विजेता रहे। सोलो डांस में भारतीय शर्मा, खुशी, नेहा प्रकाश, रंगोली में वंदना, प्रिया, दीपा गंगवार, अपर्णा गंगवार, पूजा सिंह, शिवानी शर्मा विजेता रहीं।



एसआरएमएस में फैशन शो में छात्र-छात्राओं ने लिया भाग • जागरण